# दिल्ली कार ब्लास्ट को लेकर कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च



## शहीद स्थल पर पहुंच मृतकों को दी श्रद्धांजलि

फतेहपुर।

आज कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट को लेकर कांग्रेसियों ने एक शोक सभा का आयोजन कर घटना में गगन दुःख व्यक्त किया एवं मृतकों की आत्म शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में दुख व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि अब भाजपा सरकार की विफलता सड़कों पर उतर आई है अब ऐसा प्रतीत होता की देश बिना किसी सरकार के चल रहा है उन्होंने आगे कहा कि नौ मई 2025को प्रधानमंत्री का व्यक्तव्य कि अब कोई भी आतंकवादी घटना युद्ध मानी जाएगी एक कोरा संदेश साबित हुआ है जो महज जनता को गुमराह करने वाला है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि देश के ग्रह मंत्री चुनाव व सरकार बनाने में इतना व्यस्त रहते हैं कि उन्हें देश की कोई चिंता नहीं है साथ ही रक्षा मंत्री तो शायद देश में कोई है ही नहीं सबकुछ भगवान भरोसे चल रहा है जो अत्यंत दुखद है। शोक सभा के उपरांत सभी कांग्रेसियों ने कैंडल जलाकर ठा. दरियाब सिंह की प्रतिमा तक मार्च कर वहां मौन रखा।

श्रद्धांजलि सभा में संतोष कुमारी शुक्ला, शेख एजाज अहमद,ई. देवी प्रकाश दुबे, राजीव लोचन निषाद, राम नरेश महराज, अनुराग नारायण मिश्र, सैयद सहाब अली, आदित्य श्रीवास्तव, चौधरी मोइन रइन ,अकरम काले, नौशाद अहमद, ओसाफ़ अहमद,डॉ हमीद अहमद, नसीम अंसारी, अमीर उज्जमा, रमजान अहमद, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, नज़मीकमर, हम्माद हुसैन, असलम, आदि लोग मौजूद रहे।

# नन्हें मुन्नें बच्चों ने नृत्य ने मोहा मन

बिलारी।

एस.बी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा 2 तक के लगभग 37 बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती डिंपल सक्सेना द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया साथ ही गायत्री मंत्र का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करने वाले बच्चे कृषवी ,अदिति ,अन्वी, आराध्या, घनिष्का, राधिका, का कुल, लवीना, अदिति, काश्वी, माहिरा , आयशा, नीति, मिस्टी, सृष्टि ,अरीशा, शानवी, आव्या, बतूल ,आयशा, अक्षरा, कृष, आयजा ,उजायफा, मोहम्मद, आरुषि, परिधि, अनुष्का, मिस्टी, गौरी और रीति आदि थी। ग्रुप ए में कक्षा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने भाग लिया जिसमें यू.के.जी.की काकुल प्रथम



**कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती डिंपल सक्सेना द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया साथ ही गायत्री मंत्र का पाठ भी किया गया।**

एल.के.जी. की अन्वी द्वितीय और एल.के.जी. की ही कृस्वी तृतीय स्थान पर रही ,घनिष्का और काशवी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ग्रुप बी में कक्षा एक और दो के ब'चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये जिसमें अनुष्का कक्षा 2 की प्रथम अवसरा कक्षा 2 की द्वितीय और किसा कक्षा 2 की तृतीय स्थान पर रही हिती और नीति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ ने एवं प्रबंधक राजीव सहाय ने संयुक्त रूप से विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया एवं विजेता बच्चों को बधाई दी एवं अन्य सभी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## कुल के साथ सम्पन्न हुआ अब्दुल्लाह शाह का उर्स



मुरादाबाद। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू में रविवार को हजरत अब्दुल्लाह शाह रहमतुल्लाह अलैह का 89 वा दो रोजा उर्स का रविवार की शाम को कुल शरीफ के साथ समापन हो गया। जिसमें दूर दराज से आए अकीदतमंदों के साथ-साथ हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने की शिरकत, मुल्क व कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए मांगी गई दुआएं। गुरूवार को दरगाह शरीफ आने वाले जायरीनों के लिए लंगर का भी अहतमाम भी किया गया था। गौरतलब है कि हाथीपुर चित्तू स्थित हजरत अब्दुल्लाह शाह का 89 वा उर्स बुधवार से गुल व चादर पोशी कर मुल्क व कौम तरक्की की दुआ के साथ शुरू हुआ था।। हजरत अब्दुल्लाह शाह का यह 89 वा उर्स मनाया गया। हजरत अब्दुल्लाह के दरगाह पर दूर दराज से लोग आते हैं और चादर व गुल पोशी करते हैं लोगों अकीदा है की यहां पर जो भी जायज़ दुआएं मांगी जाती हैं वह पूरी होती हैं। जायरीन यहां पर नजरों नियाज भी करते हैं?। रविवार को × बजे कुल शरीफ का आयोजन किया गया कुल शरीफ में हजरत अब्दुल्लाह शाह दरगाह के स'जादा नशीन हाजी नौशे मियाँ और इमाम हाफिज कमर आलम ने दुआ कराई। इस मौके पर मुख्य रूप से मुहम्मद जान तुर्की रियासत हुसैन फिरासत चौधरी हाजी बाबू , अरहान पाशा , गुड्डू पाशा, मजरुल , मासूम अली, बाबू, नाज़िर हुसैन, मुहम्मद इस्लाम, ,सहित आदि लोग मौजूद थे।

# दिघिया निषाद बस्ती में सड़क न होने से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित, सांसद से लगाई गुहार



मांडा( प्रयागराज)।

प्रयागराज के मांडा विकासखंड में स्थित दिघिया निषाद बस्ती आज भी पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है।

बरसात के दिनों में यहाँ का मुख्य मार्ग कीचड़ और जलभराव से भरा रहता है, जिससे ग्रामीणों का स्कूल, अस्पताल और बाज़ार तक पहुँचना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों ने वर्षों से इस समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर गुरुवार को लोकसभा सांसद उज्ज्वल रमन सिंह से मुलाकात की।

इस अवसर पर बस्ती निवासी विवेक कुमार ने बताया कि बरसात के समय आवागमन कठिन हो जाता है और स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुँच प्रभावित होती है। वहीं, विजय बहादुर ने कहा कि बृजलाल निषाद के घर से उनके घर तक सड़क का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि मौजूदा रास्ता बरसात में चलना मुश्किल कर देता है। मुलाकात के दौरान ग्राम प्रधान मंगला प्रसाद पाल, जोखू निषाद, अजय कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने सांसद से निवेदन किया कि बस्ती के लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए। सांसद उज्ज्वल रमन सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से संपर्क कर सड़क निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द शुरू कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि इस वर्षों पुरानी समस्या का समाधान शीघ्र हो और ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि सड़क निर्माण से न केवल उनकी यात्रा सुगम होगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजमर्रा की ज़रूरतों तक पहुँच भी आसान हो जाएगी। स्थानीय लोग मानते हैं कि यह कदम बस्ती के विकास और जीवन स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## लापरवाह अफसरों से सीडीओ ने तलब किया स्पष्टीकरण

मुरादाबाद। ब्लॉक मिशन प्रबंधक ठाकुरद्वारा की विभागीय कार्यों में लापरवाही और अधिकारियों के निर्देशों के प्रति उदासीनता के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। संतोष जनक जवाब न दिए जाने की दशा में इनके विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश रा'य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के 07 माह व्यतीत हो जाने के बावजूद भी ब्लॉक मिशन प्रबंधक ठाकुरद्वारा श्री हरीश प्रताप सिंह की उदासीनता की वजह से विभागीय कार्य में प्रगति अत्यंत धीमी मिली। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक मिशन प्रबंधक ठाकुरद्वारा द्वारा उ'चाधिकारियों के समय समय पर जारी पत्रों का जवाब देने और अनुपालन करने में भी लापरवाही बरती जा रही है।

# सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयकों का प्राथमिकता के साथ करें भुगतान: डॉ. रतन पाल सिंह



## विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने समिति के सदस्य विजय बहादुर पाठक, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और एमएलसी गोपाल अंजान की उपस्थिति में मुरादाबाद शहर स्थित सर्किट हाउस के सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल और मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी सहित जनपद के अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस विभाग, अग्निशमन, नगर निगम, खाद्य सुरक्षा, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, जल निगम (नगरीय), लोक निर्माण विभाग आदि से संबंधित अधिकारियों से उनके कार्यालय से सेवानिवृत हो चुके कार्मिकों की पेंशन, ग्रेज्युटी सहित अन्य विभिन्न देयकों की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की।खाद्य सुरक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान सभापति ने सहायक आयुक्त (खाद्य) से वर्ष 2017 से अब तक लिए गए नमूनों के सापेक्ष निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई कार्यवाई के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही दीपावली के दौरान खाद्य पदार्थों में हानिकारक मिलावट को रोकने के लिए विभाग स्तर से किए गए प्रयासों और कार्रवाई के बारे में भी समीक्षा की। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि 01 अप्रैल 2025 से अब तक 586 नमूने लिए गए हैं, सभापति ने जिलाधिकारी से कहा कि वे टीम बनाकर 2017 से अब तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में लिए गए नमूनों के आधार पर लंबित प्रकरणों का समाधान कराएं साथ ही कार्रवाई में विलंब होने के संबंध में अधिकारियों की भूमिका की भी कमेटी के माध्यम से जांच कराई जाए। विद्युत विभाग में लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान सभापति ने अधीक्षण अभियंता से बिजनेस प्लान 2025-26 के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि बिजनेस प्लान तैयार करने के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी अनिवार्य रूप से लिया जाए तभी आमजन की समस्याओं का समाधान और स्थानीय जरूर के अनुरूप बेहतर प्लान तैयार होगा। सभापति ने कहा कि कार्यालय स्तर पर सेवानिवृत कर्मचारियों के देयकों के भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए साथ ही मृतक आश्रित के प्रकरणों में भी विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए यथाशीघ्र समाधान होना चाहिए।

# भारतीय मंदिर ऊर्जा, संतुलन और आत्मोन्नति के केंद्र

मुरादाबाद। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. राजमल जैन बोले, भारतीय मंदिर केवल पूजा के स्थल नहीं, बल्कि ऊर्जा, संतुलन और आत्मोन्नति के केंद्र हैं। मंदिर समाज के नैतिक और सांस्कृतिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह हमेशा मानवता का मार्गदर्शन करते हैं। मंदिरों की पिरामिडीय संरचना और खगोलीय संरेखण को ब्रह्मांडीय चेतना से जोड़ते हुए, उन्होंने आयोनिक और आइकोनिक प्रतिनिधित्व के जरिए मूर्त और अमूर्त स्तर पर आस्था और चेतना के गहरे संबंध की विस्तार से व्याख्या की। प्रो. जैन ने कहा, मंदिर भारतीय मूर्तिकला और चित्रकला आत्मबोध की प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियां हैं, जो शांति परंपरा की प्रतिमाएँ आत्मा और ब्रह्मांड के बीच संबंध को दर्शाती हैं। प्रो. राजमल टीएमयू के इंडियन नॉलेज सिस्टम- आईकेएस सेंटर की ओर से प्राचीन भारतीय मंदिरों का आध्यात्मिक, दार्शनिक और स्थापत्य महत्त्व पर ऑनलाइन आयोजित 9वें राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इससे पूर्व कॉन्क्लेव की शुरुआत सरस्वती वंदना के संग हुई। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, ऐसे कॉन्क्लेव भारतीय ज्ञान परंपरा को सशक्त बनाने और नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति की जड़ों को समझे बिना आधुनिक भारत का निर्माण अधूरा रहेगा। लेखक, वक्ता एवम् पुस्तक समीक्षक श्री संदीप सिंह ने मंदिर अर्थशास्त्र पर बोलते हुए कहा, मंदिर आस्था, समाज और संस्कृति की त्रिवेणी हैं। मंदिर समाज की आर्थिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना हैं और उनका वास्तविक उद्देश्य मानवता, सेवा और आध्यात्मिक उत्थान होना चाहिए, न कि धन या संसाधन प्रबंधन। श्री सिंह ने कहा, आधुनिक शिक्षा में ज्ञान के साथ नैतिकता और अध्यात्म का समावेश जरूरी है। उन्होंने मंदिरों की भूमिका की तुलना रेलवे नेटवर्क से करते हुए बताया, जैसे रेलवे देश को जोड़ता है, वैसे ही मंदिर समाज को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने वाला तंत्र हैं।

